## सपा सांसद पर हमले की करणी सेना ने ली जिम्मेदारी: राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले ऐसा सबक सिखाएंगे कि पीढ़ियां बाबर का नाम लेना भूल जाएंगी



ओकेंद्र राणा



डॉ. राज शेखावत

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** सपा सांसद रामजीलाल सुमन के काफिले पर अलीगढ़ के गभाना में हमला हुआ। इस हमले के बाद रविवार को करणी सेना के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष ओकेंद्र राणा ने वीडियो जारी किया। कहा सांसद इस बार भी बच गए। कुछ गाड़ियां ही टूट पाईं। तेरी ऐसी नकेल डालेंगे कि तेरी कई पीढ़ियां बाबर का नाम लेना भूल जाएंगी। हर बार प्रशासन बचाने नहीं आएगा। अखिलेश, तुम्हारे घुटने टिकवा देंगे। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. राज शेखावत ने कहा जब तक तोड़ेंगे नहीं, जब तक छोड़ेंगे नहीं।

**पहले पता चल गया होता तो हम जोरदार प्रहार करते**

रविवार को वीडियो जारी कर ओकेंद्र राणा ने कहा कोई हमारे महापुरुष को गालियां देते है, ऐसे देशद्रोही का बचाव नहीं होनी चाहिए। शर्म की बात है कि ऐसे लोगों को सुरक्षा दी जा रही है। इस बार 5 6 गाड़ी तोड़ी गई हैं। अगली बार इससे ज्यादा होगा। हमें 20 मिनट पहले ही पता चला था, हमने अपनी टीम एक्टिवेट कर दी। अगर हमें दो तीन घंटे पहले पता चला होता तो हम और भी जोरदार प्रहार करते। हम महाराणा सांगा के वंशज हैं, मरने मारने से नहीं डरते। अपमान का बदला लेकर रहेंगे। वहीं, करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. राज शेखावत ने भी अपना वीडियो जारी किया है। रामजी लाल सुमन मजा आया होगा। ये सुनिश्चित कर लो कि जब तक तोड़ेंगे नहीं, जब तक छोडेंगे नहीं। मैं ओकेंद्र का अभार प्रकट करता हूं। हम मोमेंट का स्वागत करते हैं। इसे छोड़ना नहीं है। मुहं तोड़ जवाब इसको देते रहना है।

**यहा हुई घटना**

सपा सांसद रामजीलाल सुमन 20 गाड़ियों के काफिले के साथ आगरा से बुलंदशहर जा रहे थे। यह सूचना मिलते ही अलीगढ़ के खेरेश्वर चौराहे पर क्षत्रिय समाज के कुछ युवा सड़क पर उतर आए। उन्होंने रामजीलाल सुमन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। इस पर काफिले की गाड़ियां तेजी से भागने लगीं। इसके चलते करीब 500 मीटर आगे जाकर काफिले की गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इस बीच मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिसकर्मियों ने मौके पर मौजूद युवाओं को समझाया और काफिले को आगे रवाना किया। इसके बाद अलीगढ़ में ही गभाना टोल प्लाजा से करीब 150 मीटर पहले एक बार फिर से क्षत्रिय समाज के कुछ युवक इकटठे हो गए। उन्होंने सांसद के काफिले की गाड़ियों पर टायर और पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। गाड़ियों पर काली स्याही भी फेंकी गई। तुरंत ही मौके पर पुलिस आ गई। इस पूरे घटनाक्रम के चलते सांसद का काफिला 20 मिनट तक रुका रहा। बाद में बुलंदशहर पहुंचे सांसद रामजीलाल सुमन को शहर के अंदर जाने से प्रशासन ने मना कर दिया।

## आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे की 28 वे माइल स्टोन पर आगे चल रहे ट्रक से टकराई बस, चालक की मौत



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा/फतेहाबाद।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के 28 में माइलस्टोन पर मऊ से दिल्ली जा रही एक बस आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई जिसके चलते गंभीर रूप से घायल चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई घटना की जानकारी पर यूपीआईडी की सुरक्षा अधिकारी राधा मोहन सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी अनुसार किलोमीटर 28 पर एक रोडवेज बस न0यूपी 78 जेटी 8480 जिसे चालक राम दुलारे पुत्र सूरत निवासी घोसी थाना घोसी जिला मऊ चला रहा था। जो मऊ से दिल्ली 12 सवारी लेकर जारहे थे। ओवर टेक के करते समय आगे चल रहे ट्रक से टकराकर मध्य डिवाइडर पर चढ गयी। बस क्षतिग्रस्त होगयी चालक को गम्भीर चोट आयी है। जिसे सीएचसीफतेहाबाद एम्बुलेंस 21 से भेजा गया। बस की सवारियो को कोई चोट नही है। सभी सुरक्षित है। बस की सवारियो को दूसरी बस से गन्तव्य स्थान पर भेजा गया। सूचना पर यूपीडा 5 से राधामोहन द्विवेदी सुरक्षा अधिकारी प्रथम, थाना



फतेहाबाद पुलिस एसयसडी प्रथम क्रेन एवं हाइड्रा के साथ राहत कार्य कराया गया। क्रेन द्वारा बस को टोल प्लाजा 21 पर भेजा गया। वहीं गंभीर घायल चालक राम दुलारे को उपचार के लिए आगरा भेजा गया। जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई।

## फतेहाबाद के नगर चंद गौशाला में गाय की मौत के बाद ग्रामीणों ने काटा हंगामा, केयरटेकर और ग्रामीणों में हुई हॉट टॉक

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा/फतेहाबाद।** फतेहाबाद के नगर चंद गौशाला में एक गाय की मौत के बाद उसे केयरटेकर द्वारा ट्रैक्टर से गड्ढा खोदकर दफनाया जा रहा था। इसी मामले को लेकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए तथा उन्होंने केयर टेकर को जमकर खरी खोटी सुनाई। इस दौरान ग्रामीणों और टॉक हुई मामले की जानकारी मिलते ही एसडीएम अभय सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे । तथा ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर चंद की गौशाला में शनिवार सुबह एक गोवंश की मौत हो गई। इसके बाद गौशाला के केयर टेकर द्वारा गौशाला के अंदर ही गड्ढा खुदवाकर गाय को दफना दिया गया। इस मामले की भनक स्थानीय ग्रामीण एवं भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं को लग गई । उन्होंने मौके पर पहुंचकर केयरटेकर को जमकर खरी-खोटी सुनाई इस बात को लेकर गौशाला के केयर टेकर एवं ग्रामीणों के बीच जमकर विवाद हुआ। मौके पर ग्रामीणों के पहुंचने की सूचना पर एसडीएम अभय सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत किया। उन्होंने कहा कि यदि गौशाला का निरीक्षण करना है तो वे खंड विकास अधिकारी अथवा उनके कार्यालय से अनुमति प्राप्त करेंगे। इसके बाद ही गौशाला में प्रवेश करेंगे ।वहीं उन्होंने गौशाला के केयर टेकर नीरज को निर्देश दिया की गौशाला में चारे और पानी की व्यवस्था को सुधार करें साथ ही गौशाला में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान करीब 3 घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा।

## एक्सप्रेस-वे किनारे मिला दिव्यांग का शव:नोंचकर खा गए जानवर; नग्न हालत में ग्रामीणों ने देखा, नहीं हुई शिनाख्त

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** थाना डौकी क्षेत्र में लखनऊ एक्सप्रेस-वे के सर्विस रोड पर एक दिव्यांग व्यक्ति का शव मिला है। शव की हालत क्षत-विक्षत है और जानवरों ने इसे नोंच दिया है। पुलिस के अनुसार शव करीब तीन दिन पुराना है। सबको पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है साथ ही स्नैक्स के प्रयास किया जा रहे हैं। मामला थाना डौकी इलाके की वाजिदपुर पुलिया लखनऊ एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड का है। रविवार तकरीबन 11ः00 बजे स्थानीय ग्रामीणों ने सर्विस रोड पर नग्न अवस्था में पड़े शव को देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक व्यक्ति की उम्र करीब 50 वर्ष बताई गई है उसके शरीर पर कोई भी कपड़ा नहीं, देखने से मृतक व्यक्ति एक पैर से दिव्यांग नजर आ रहा है।फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ कर रही है और लापता व्यक्तियों के रिकॉर्ड खंगाल रही है। साथ ही पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह मामला हत्या का है या आत्महत्या का।

## महुअर में परशुराम जयंती पर होंगे दो दिवसीय कार्यक्रम

### तैयारियों को लेकर हुई कमेटी की बैठक

**किरावली।** किरावली क्षेत्र के गांव महुअर में परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मंगलवार की शाम को पूरे गांव में बैंडबाजों के साथ प्रभात फेरी निकाली जाएगी। बुधवार को बाबा गोपालदास मंदिर परिसर में मेला लगाया जाएगा। रविवार को मेला कमेटी ने बैठक कर तैयारियां शुरू कर दी हैं। कमेटी के अध्यक्ष ललितेंद्र शर्मा ने बताया है कि मेले में आने वाले दुकानदारों को उपहार दिया जाएगा। रात में रसिया दंगल का मुकाबला मुकेश शर्मा और सम्भू बाबरा के बीच होगा। प्रभात भेरी का शुभारंभ रालोद जिलाध्यक्ष गोविंद शर्मा प्रधान करेंगे। वहीं मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि हाथरस जिला पंचायत अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सीमा उपाध्याय करेंगी। रसिया दंगल का शुभारंभ भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री नरेश शर्मा द्वारा किया जाएगा। इस दौरान पंकज प्रधान, गंगो काका, बबलू पंडित, धीरज शर्मा, प्रभुदयाल शर्मा, रवि दीक्षित, हरीबाबू शर्मा, मुकेश तहनगुडिया, बासदेव दीक्षित आदि मौजूद रहे।

## पहलगांव हत्याकांड पर धर्म-विशेष की चुप्पी पर उठे सवाल

**किरावली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में 22 अप्रैल को पाक परस्त आतंकवादीयों द्वारा 26 निहत्थे हिन्दू पर्यटकों पर धर्मपूछ कर की गई बरबर हत्या को लेकर समूचा देश प्रतिशोध की ज्वाला में धधक उठा है शहर से लेकर देहाती गांवों तक दोषी आतंकवादीयों के खात्मे तथा पाकिस्तान को करारा सबक सिखाने की मांग तेज हो गई। बड़े पैमाने पर हिन्दू वादी संगठनों और आमलोगों द्वारा आतंकवादीयों के पुतले फूंके जा रहे हैं। मोदी सरकार भी पाकिस्तान को करारा जबाब देने के लिए कमर कस चुकी है। क्षेत्रीय लोगों द्वारा धर्म-विशेष के लोगों की चुप्पी पर सवाल उठा रहे हैं। पहलगांव में 26 हिन्दू पर्यटकों की बेरहमी से की गई हत्या अब पाकिस्तान के लिए गले की फांस बन गई है। पिछ्ले चालीस साल से कश्मीर मुद्दे को लेकर भाड़े के आतंकवादीयों के द्वारा निर्दोष हिन्दुओं और भारतीय सैनिकों का खून बहाने वाले पाकिस्तान के सिर पर मोदी सरकार ने मौत का कफन डालने के लिए एक्सन प्लान तैयार कर लिया है। समझा जाता है कि मोदी सरकार इस बार पाकिस्तान को मांफ करने के मूड़ में नहीं है। मोदी सरकार इस बार कोई बड़ा कारनामा का संकल्प ले चुकी है।हमला करने से पहिले शायद पाकिस्तान ने ये कभी नहीं सोचा होगा उसे 26 हिन्दूओं की हत्या इतनी महंगी पड़ेगी। समूचा क्षेत्र पहलगांव के अटैक के बाद काफी गुस्से में हैं पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठ रही है पिछ्ले कई दिनों से शहर से लेकर गांव तक विरोध प्रदर्शन जारी बना हुआ है। यह पहली बार देखा जा रहा है कि कश्मीर में हुए इतने नरसंहार के बाद जहां हिन्दूओं का आक्रोश चर्मोसब पर है तो वहीं धर्म-विशेष के लोगों के बीच बेचैनी का आलम बना हुआ है। धर्म-विशेष की लोगों की रहस्यमय चुप्पी हिन्दू वादी संगठनों को खल रही है। हिन्दू वादी संगठनों के नेताओं का कहना है कि आतंकवादी यों हमास के आतंक वादी के सहयोग से कायराना हरकत की है धर्म विशेष के लोगों ने इस बरबर हत्याकांड को लेकर खामोशी ओरडी है। लोगों का कहना है कि मोदी सरकार ने धर्म-विशेष के लोगों को क्या कुछ नहीं दिया है।क्या वह देश के नागरिक नहीं हैं। अफसोस है कि पहलगांव में आतंकवादीयों ने जिन हिन्दूओं की हत्या की है समूचा देश आहत हैं लेकिन धर्म-विशेष के लोग आतंकवादीयों की कायराना हरकत पर मौन क्यों हैं। उन्होंने कहा है कि देश पर मर मिटने वाले शहीद असपाक उल्ला खां,बीर अब्दुल हमीद, एपीजे अब्दुल कलाम जैसे राष्ट भक्त लोगों के सिद्धांतों एवं राष्ट भक्ति को तिलांजलि क्यों देदी गई है। क्या धर्म-विशेष के लोग पाकिस्तान के कुकर्मों के क्या समर्थक है। उन्होंने कहा है कि खास मजहम के लोग अगर वास्तव में राष्ट भक्त हैं तो उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ खुल कर आगे आना चाहिए।

## पाकिस्तान के खिलाफ हिन्दू महासभा का आक्रोश: कैंडल मार्च में शामिल हुए हजारों लोग





सांध्य पहल संवाददाता

**भाग्यनगर।** अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी के आह्वान पर पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में धर्म पूछकर 27 हिंदुओं का नरसंहार करने के विरोध में राष्ट्रव्यापी धर्मयुद्ध प्रचंड हो रहा है। देश भर में हिन्दू महासभा कार्यकर्ताओं द्वारा आक्रोश रैली और कैंडल मार्च के माध्यम से पाकिस्तान पर सैन्य हमला कर बदला लेने की पुरजोर मांग कर रहे हैं। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने आज जारी बयान में यह जानकारी देते हुए बताया कि आज हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्वामी कमलेश जी महाराज के नेतृत्व और मार्गदर्शन में अम्बरपेट, गांधी नगर और टैंक बॉन्ड नामक तीन स्थानों पर आतंकवाद और पाकिस्तान के विरुद्ध कार्यक्रम में हिन्दू महासभा का आक्रोश फूटा। कहीं कैंडल मार्च, कहीं आक्रोश रैली और कहीं मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। तीनों कार्यक्रमों में हिन्दू महासभा के कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय नागरिकों की सहभागिता भी दिखाई पड़ी। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्वामी कमलेश जी महाराज ने कैंडल मार्च का नेतृत्व करते हुए धर्म पूंछ कर आतंकवादियों द्वारा मारे गए 27 हिंदुओं को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इस्लामिक आतंकवाद और उसके सरपरस्त पाकिस्तान से इसका बदला लेने का उद्घोष किया। उन्होंने कहा कि भारत में इस्लामिक आतंकवाद की जड़ें पाकिस्तान में हैं। पाकिस्तान का अंत किए बिना भारत को इस्लामिक आतंकवाद से मुक्त नहीं करवाया जा सकता। स्वामी कमलेश जी महाराज ने कहा कि जम्मू कश्मीर सरकार आतंकवादी हमले की जिम्मेदार है। राज्य सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के अस्तित्व में आने के बाद हिंदुओं का नरसंहार जम्मू कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगाता है, जो राज्य सरकार की विफलता है। राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने कहा कि कश्मीर में कुछ स्थानीय कश्मीरियों की गद्दारी और आतंकवादियों से मिली भगत से ही पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों को अंजाम देने में सफल हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे गद्दारों और देशद्रोहियों की पहचान कर उन्हें गोली मार देनी चाहिए। आतंकवादियों और उनके सहयोगियों का यही हश्र होना चाहिए।

## झांसी मंडल में इंफ्रास्ट्रक्चर का हो रहा सतत विकास

### दो पुराने ब्रिज को रेलकर्मियों ने दिया नया जीवन, भविष्य के लिए किया तैयार




**झांसी।** रेल मंडल द्वारा इन्फ्रास्ट्रक्चर को बेहतर और मजबूत करने का कार्य सतत रूप से जारी है. आज दिनांक 27.04.2025 को मंडल के रेलकर्मियों द्वारा दो ब्रिज को प्रतिस्थापित किया गया। रेलकर्मियों द्वारा झांसी-कानपुर खंड के पारीछा-चिरगांव अप लाइन पर स्थित ब्रिज संख्या 1158/1 को प्रतिस्थापित किया गया. यहां स्टोन स्लैब ब्रिज की जगह 1.2 1.5 मीटर के आरसीसी बॉक्स लगाया गया। यह कार्य महज 4.5 घंटे में पूरा कर लिया गया। डेडीकेटेड फ्राइट कॉरिडोर के फीडर रूट के लिए बनाए जा रहे ट्रैक का यह चौथा ब्रिज है।

**इसी प्रकार एट** – कोंच लाइन पर स्थित ब्रिज संख्या 1229/3 के स्टील गार्डर को हटा कर PSC स्लैब से प्रतिस्थापित किया गया। स्टील गार्डर का साइज 8*3.05 मीटर था। इस ब्रिज पर 1904 से पहले के स्टील गार्डर लगे हुए थे तथा लकड़ी के स्लीपर का इस्तेमाल था। पुराना होने की वजह से इस ब्रिज से गुजरते समय ट्रेन को 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार बनाए रखनी पड़ती थी। अब PSC स्लैब के साथ PSC स्लीपर लग जाने से स्पीड की यह सीमा खत्म हो जाएगी। मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा ने कहा कि मंडल के इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास सतत रूप से जारी है। सभी पुराने ब्रिज को नई मजबूती प्रदान की जा रही है। इससे ट्रेन की आवागमन और समयपालनता बेहतर होगी। इसके साथ ही संरक्षा में भी बढ़ोतरी होगी।

## संघ की महाराणा प्रताप शाखा द्वारा वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

**हाथरस ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की जोगिया स्थित महाराणा प्रताप शाखा द्वारा वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने शाखा के विभिन्न कार्यक्रमों के साथ कौशल का प्रदर्शन किया गया।मुख्य वक्ता जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख पवन शर्मा ने उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुये कहा कि शाखा संघ का मूल आधार है। जहां पर स्वयंसेवको में संस्कारों के साथ राष्ट भक्ति का बीजारोपण होता है। शाखा से निकलने वाला स्वयंसेवक ही अपने कुशल नेतृत्व और सेवा भाव से समाज के लिये कार्य करता है और सामाजिक समरसता युक्त समाज का निर्माण करता है। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में शाखा होती है वहां सांस्कारिक वातावरण का होता है। उन्होंने कहा कि हम सभी अपने जीवन मे स्वदेशी अपनाये। उन्होंने हिन्दू समाज एव संस्कृति के संरक्षण के लिये नित्य शाखा आने व अन्य बंधुओ को भी शाखा लाने के लिये प्रेरित करने की बात कही। शाखा कार्यवाह प्रेमपाल ने शाखा का वार्षिक प्रत्यावेदन प्रस्तुत किया।

## आबकारी टीम ने की औचक छापामार कार्यवाही

**हाथरस।** आबकारी टीम की छापामार कार्यवाही निरंतर जारी है, आबकारी टीम द्वारा हाथरस और सासनी कोतवलाी क्षेत्र में होटल, ढ़ाबों के साथ सार्वजनिक स्थानों व परचून आदि की संदिग्द्ध दुकानों पर छापामार कार्यवाही करते हुए, उन्हे हिदायत दी तो लोगों को नकली व मिलावटी शराब के सेवन से होने वाले नुकशानों के लिए जागरूक किया। क्षेत्र चार के आबकारी निरीक्षक ए एल मिश्र ने बताया कि आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश व जिलाधिकारी राहुल पाण्ड़ेय के आदेश के क्रम में जिला आबकारी के निर्देशन में मय आबकारी टीम द्वारा जनपद हाथरस के थाना सासनी अन्तर्गत सासनी, रुहेरी, गदाखेड़ा, देदामई, नगलागढ़ू, ममौता खुर्द,नगला काशी एवं गोहाना की देशी एवं कम्पोजिट मदिरा दुकानों की चेकिंग की गयी। अकबरपुर में दबिश, छापेमारी की कार्यवाही की गई। क्षेत्र में स्थित ढाबों एवं की चेकिंग की गई। लोगों को अवैध मदिरा से सावधान रहने के प्रति जागरूक किया गया।

## तालाब में डूबने कर नौ वर्षीय बच्चे की मौत

हाथरस।सिकन्द्राराऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव बिलार में तालाब में डूबने से 9 वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी। बच्चे के तालाब में डूबने की सूचना मिलते ही परजनों में कोहराम मच गया। बिलार निवासी हर विलास का 9 वर्षीय बेटा देव अपने साथियों के साथ गांव के पास स्थित तालाब पर नहाने चला गया। तालाब में नहाने के लिए गया देव अचानक डूब गया। साथी बच्चों द्वारा शोरगुल मचाया गया तो ग्रामीणों ने तत्काल डूबते हुए बच्चे को निकाल अस्पताल पहुंचाया जहां हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे अलीगढ़ ले गये रास्ते में ही बच्चे ने दम तोड़ दिया। जिसके बाद परिजन उसे घर ले आए उसका अंतिम संस्कार कर दिया।


कार्यालय ग्राम पंचायत कोसमा मुसलमीन वि0ख0 घिरोर, जनपद मैनपुरी

निविदा सूचना

पत्रांक 696/सा0–02/2025.26 दिनांक 26–04–2025

ग्राम पंचायत कोसमा मुसलमीन वि0ख0 घिरोर, जनपद मैनपुरी को अस्थाई गौ आश्रय स्थल गौशाला में प्रशासन पशुपालन विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्रांक 696/सा0 02/2025.26 दिनांक 27 04 2025 के क्रम में वर्ष प्रर्वत्न से प्राप्त भूसा क्रय साइलेज दाना वित्तीय वर्ष 2025 26 के क्रम में क्रय हेतु प्राप्त शासनसदेश संख्या 673/सेंतीस 2 2 2023 5(53)/18 टीसी 2 दिनांक 04 05 2022 में स्पष्ट निदेश है कि जेम पोर्टल पर उपलब्ध होने की अपरिहार्य दशा में उत्तर प्रदेश प्रोव्योमेन्ट मैन्युएल 2016 की ग्राम वार गौशाला के पशुओं की तालिका के अनुसार वर्ष भर भूसा की उपलब्धता कराये जाने हेतु निविदा/कुटेशन के क्रम में दिनांक 27 04 2025 से 02 05 2025 तक सम्बंधित गौआश्रय स्थल की ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी 2 बजे तक निविदा दे सकते हैं जो उसी दिन सायं 4 बजे खोली जायेगी।

| क0सं0 | अस्थाई गौ आश्रय स्थल/ग्राम पंचायत का नाम | वर्तमान में पशु संख्या | निविदा हेतु सामग्री जो वर्ष भर उपलब्ध कराई जायगी | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत कोसमा मुसलमीन | 65 | भूसा, हरा चारा, दाना, चोकर | न्यूनतम |

अखिलेश कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कोसमा मुसलमीन
वि0ख0 घिरोर, जनपद मैनपुरी

प्रमोद कुमार
सचिव
ग्राम पंचायत कोसमा मुसलमीन
वि0ख0 घिरोर, जनपद मैनपुरी


## एक दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग का हुआ समापन

**हाथरस।** लेवर कालौनी में चल रहे विश्व हिंदू परिषद के एक दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग संपन्न हुआ। जिसका शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री राजेश ने दीप प्रज्वलित कर किया था । समापन सत्र को संबोधित करते हुए प्रांत संगठन मंत्री राजेश ने कहा कि हिन्दू समाज की एक जुटता आज अति आवश्यक है समरसता के भाव के साथ सभी की एकजुटता पर बल दिया । विश्व हिंदू परिषद आगामी महीनों में सभी सेवा बस्तियों में बाल संस्कार शालाओं का संचालन करेगा एवं सम्पन्न वर्ग के बीच बाल संस्कार केन्द्र का संचालन किया जाएगा जिससे की बच्चों में सनातन संस्कृति एवं संस्कारों का ज्ञान प्राप्त होगा इससे पूर्व विक्रम संवत 2082 की हिंदू माह अनुसार दिग्दर्शिका का विमोचन प्रांत संगठन मंत्री राजेश के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुए जिससे परिवार में सभी को हिन्दू महिनों के साथ पर्वों की जानकारी सभी को होगी अभ्यास वर्ग में हाथरस जिले के सभी प्रखंडों के दायित्ववान पदाधिकारी उपस्थित हैं। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री उमाकांत, जिला संगठन मंत्री कपिल, जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सक्सेना जिला उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण शर्मा जिला उपाध्यक्ष दीप्ति वार्ष्णेय जिला मंत्री प्रवीण खंडेलवाल हर्षित गौड़ विभाग सह संयोजक कामना शर्मा जी महक रावत भूपेंद्र शर्मा जी जगदीश जी अंकित उपाध्याय किशन भारती गुड्डू चैधरी दीपू वार्ष्णेय प्रशांत कुलश्रेष्ठ अमित कुशवाहा अमित कुशवाहा नवीन चेतन गौरव कल्पना प्रियांशी जयपाल सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे सफल संचालन प्रवीन खंडेलवाल ने किया।

## धूमधाम से निकाली बाबा साहब अंबेडकर शोभायात्रा

**हाथरस।** कस्बा सासनी में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134 वीं जयंती के अवसर पर उनके अनुयाइयों द्वारा नगर में दूर दराज से आये बैण्ड़ बाजों व आलोकिक झाकियों के साथ नगर की प्रमुख गलियों से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। सासनी कस्बे में निकाली गयी शौभायात्रा का शुभारंभ हाथरस सांसद अनूप प्रधान बालमिक, सदर विधायक अंजुला सिंह माहौर, मुहर सिंह, समाज सेवी डॉ विकास सिंह, आदि ने बाबा साहब आंबेडकर तथा गौतमबुद्ध के छबिचित्र के सामने दीप प्रज्वलित करने के उपरान्त फीता काटकर किया। बाबा साहब आंबेडकर ने जाति प्रथा का पूर्ण रूप से उन्मूलन कर इंसानियत की नींव रखी। उनमें गांधी का सपना और महात्मा बुद्ध की करुणा दोनों थी। कहा कि आंबेडकर संविधान निर्माता के साथ प्रख्यात शिक्षाविद् व समाज सुधारक भी थे। आंबेडकर बुद्ध एवं कबीर की परंपरा के क्रांतिकारी मनीषी थे। वहीं अन्य वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब ने अपना पूरा जीवन सामाजिक बुराइयों के खिलाफ संघर्ष में लगा दिये।

## आगरा के फोर्ट रेलवे स्टेशन का 151 वाँ स्टेशन महोत्सव दिवस मनाया गया

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** आगरा मंडल के आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन का 151वाँ स्टेशन महोत्सव दिवस मनाया गयाद्य आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन की स्थापना सन 1874 में हुई थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो.एस पी सिंह बघेल जी माननीय राज्य मंत्री, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्यपालन तथा पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार, विशिष्ट अतिथि श्री योगेन्द्र उपाध्याय माननीय कैबिनेट मंत्री- उ.प्र. (उच्च शिक्षा) एवं डॉक्टर नवीन जैन माननीय सांसद (राज्यसभा) उत्तर प्रदेश एवं मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल की उपस्थित में स्टेशन के इतिहास और स्टेशन के बारे में जागरूकता बढाने के लिए स्टेशन महोत्सव मनाया गया। आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम शुरुआत से पहले पहलगाम मृतकों को 01 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई, इसके उपरांत कार्यक्रम की शुरुआत की, स्टेशन के इतिहास और स्टेशन के बारे में जागरूकता बढाने के लिए स्टेशन महोत्सव मनाया गया। आगरा किला रेलवे स्टेशन, देश के सबसे पुराने रेलवे स्टेशनों में से एक के रूप में ऐतिहासिक महत्व रखता है। स्टेशन महोत्सव द्वारा आगरा किला रेलवे स्टेशन की स्थापना के 151 वर्षों के समृद्ध इतिहास को याद किया गया। एलईडी पर स्टेशन महोत्सव के दौरान स्टेशन के इतिहास और स्टेशन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रस्तुतीकरण वीडियो प्रदर्शित किया गया, जिसमे आगरा फोर्ट स्टेशन के प्राचीन फोटो व जानकारी आदि प्रदर्शित की गई, मुख्य अतिथि माननीय श्री एसपी सिंह बघेल, विशिष्ट अतिथि माननीय श्री योगेन्द्र उपाध्याय जी एवं माननीय डॉक्टर नवीन जैन जी एवं मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा स्टेशन महोत्सव कार्यक्रम पर आधारित पुस्तिका का विमोचन किया गया, इस शताब्दी के दौरान आगरा फोर्ट स्टेशन पर अनेकों परिवर्तन हुए है। नई ट्रेनें, बेहतर यात्री सुविधाएं और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग भी हुआ है। आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन, जो 18वीं शताब्दी के अंत में ब्रिटिश काल में बनाया गया, विशेष रूप से राजपूताना-मालवा रेलवे के हिस्से में आया, तब राजस्थान और मध्य भारत के क्षेत्रों को आगरा से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में था। इस रेलवे लाइन ने व्यापार और यात्रा को सुगम बनाया, जिससे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा। स्टेशन की वास्तुकला, जिसकी विशेषता लाल बलुआ पत्थर का अग्रभाग और धनुषाकार बरामदे हैं, औपनिवेशिक डिजाइन और स्थानीय मुगल प्रभावों का मिश्रण दर्शाती है, जो पास के यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों जैसे ताज महल, आगरा किला और फतेहपुर सीकरी की वास्तुशिल्प भव्यता को प्रतिध्वनित करती है। आगरा फोर्ट स्टेशन, दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और दक्षिण भारत को जोड़ने वाले रेलवे मार्गो का प्रमुख केंद्र रहा है।स्वतंत्रता पूर्व काल में यह स्टेशन ब्रिटिश सेना और प्रशासन के लिए एक महत्वपूर्ण लॉजिस्टिक बेस था। आगरा में पहली मीटर गेज 1 रेलवे लाइन भरतपुर से आगरा फोर्ट तक बनाई गई, जिसे राजपूताना रेलवे ने 11 अगस्त, 1873 में बनाया। फिर, विस्तार करते हुए 1874 में दिल्ली से बांदीकुई तक बढ़ाया गया। यह भारत के उन स्टेशनों में से एक था, जहाँ ब्रॉड और मीटर गेज दोनों थे, जब तक कि जयपुर जाने वाली लाइन को ब्रॉड गेज में परिवर्तित नहीं किया गया। आज, आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन सिर्फ वास्तुकला में नहीं बल्कि उन लोगों की यादों में भी संरक्षित है, जिन्होंने दशकों से इसके प्लेटफार्मों से यात्रा की है। आगराफोर्ट रेलवे स्टेशन आगरा शहर का महत्वपूर्ण हिस्सा है, वर्तमान में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत फोर्ट रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण एवं सौंदर्यकरण का कार्य चल रहा है। इन कार्यों की अनुमानित लागत लगभग 15.40 करोड़ रुपए है।इन कार्यों में यात्रियों को उच्च स्तर सुविधाओं, स्वच्छता, डिजिटल डिस्प्ले, बेहतर प्रतीक्षालय और यात्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में बड़े सुधार किए जा रहे हैं। इस अवसर पर रेलवे की सांस्कृतिक टीम द्वारा स्टेशन के इतिहास पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये।

इस कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री प्रनव कुमार व, मंडल के शाखा अधिकारी, जेडआरयूसीसी सदस्य एवं डीआरयूसीसी सदस्य, स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य व मीडिया बंधू , कुली, क्षेत्रीय जनता, कर्मचारी गण की मौजूदगी में स्टेशन महोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## बिचपुरी चौकी के पास टाटा इंडिगो ने टेंपो को मारी टक्कर, बच्चों समेत 6 गंभीर घायल



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** अछनेरा क्षेत्र के बिचपुरी चौकी के पास शनिवार एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। एक तेज रफ्तार टाटा इंडिगो कार ने ओवरटेक करने के प्रयास में एक टेंपो को टक्कर मार दी, जिससे टेंपो में सवार बच्चों समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना उस समय हुई जब टेंपो अछनेरा से सवारियों को लेकर आगरा की ओर आ रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पीछे से आ रही एक टाटा इंडिगो कार तेज गति से टेंपो को ओवरटेक करने की कोशिश कर रही थी। इसी दौरान कार अनियंत्रित हो गई और टेंपो से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो और कार दोनों ही सड़क पर पलट गए। टेंपो में कुल छह लोग सवार थे, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। टक्कर के बाद सभी गंभीर रूप से घायल हो गए और घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायलों को बचाने की कोशिश की।सूचना मिलते ही थाना जगदीशपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया सड़क हादसे में घायल हुए लोगों में कार चालक देवेंद्र कुमार और गांव काटुआ निवासी रामप्रकाश व अछनेरा के गांव गोबरा निवासी अंकित व एटा के सकरौली निवासी टप्पू अछनेरा के गांव नगला लालदास निवासी अमित व हाथरस के अन्यापुर निवासी अनीजा व आजिम घायल हुए हैं। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है और टाटा इंडिगो कार के चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## भगवान परशुराम की शिक्षाओं को आत्मसात करने से होगा इस्लामिक आतंकवाद का अंत - मनोज शर्मा





सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** आगरा नगरी में भगवान परशुराम कुटुंब यात्रा अपार उत्साह और नई ऊर्जा के साथ निकाली गई। कुटुंब यात्रा का नगर वासियों ने जगह जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया। कुटुंब यात्रा के आयोजन में जनसहयोग संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्राह्मण शिरोमणि मनोज शर्मा, राष्ट्रीय संचालक आरती शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार संतोष राष्ट्रवादी, पंडित कमल शर्मा, पंडित कैलाश नारायण मिश्रा और राहुल चतुर्वेदी का अतुलनीय योगदान रहा। जनसहयोग संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज शर्मा ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि भगवान परशुराम का जीवन मानवता की रक्षा और शत्रुओं के संहार पर समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भगवान परशुराम ने 36 बार मानवता की रक्षा के लिए पृथ्वी को द्रोहियों से मुक्त करवाया था, उसी प्रकार भगवान परशुराम की शिक्षाओं को आत्मसात करके भारत को इस्लामिक आतंकवाद से मुक्त कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम ने मानवता के शत्रुओं के संहार के लिए सदैव शस्त्र उठाया। राष्ट्रीय संरक्षक आरती शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज का एकजुट होना वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। ब्राह्मण समाज को शास्त्र विद्या के साथ शस्त्र विद्या में भी महारथ हासिल कर देश और देश के नागरिकों की सुरक्षा तंत्र को मजबूत बनाना होगा। उन्होंने पहलगाम में 27 हिंदुओं की निर्मम हत्या को मानवता पर कलंक बताया। भगवान परशुराम के वंशज आतंकवादियों से उनकी इस नापाक हरकत का बदला लेकर रहेंगे। पत्रकार संतोष राष्ट्वादी ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान परशुराम का जीवन शौर्य का प्रतीक रहा है। मानवजाति सदैव भगवान परशुराम की ऋणी रहेगी। उन्होंने हिन्दू समाज से भगवान परशुराम के समान शस्त्रधारी बनकर सनातन धर्म को सनातन द्रोहियों से बचाने का आह्वान किया। ममता शर्मा, सौनी त्रिपाठी, राखी शर्मा, अनूप शर्मा, अनामिका मिश्रा, बबिता पाठक, जितेन्द्र पचौरी आदि बड़ी संख्या में विप्र जन उपस्थित थे।

## डिप्थीरिया से बचाव के लिए योगी सरकार का विशेष वैक्सीनेशन अभियान

- सभी स्कूलों में जाकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों का किया जा रहा टीडी वैक्सीनेशन
- 10 वर्षीय बच्चों को टीडी-10 और 16 वर्षीय बच्चों को दी जा रही टीडी-16 की डोज
- आगरा में 1,20,128, मथुरा में 28,955 बच्चों का टीडी वैक्सीनेशन का रखा गया लक्ष्य

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** डिप्थीरिया (गलघोटू) जैसी घातक बीमारी से बचाव के लिए योगी सरकार द्वारा प्रदेशभर में विशेष टीडी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 10 से 16 वर्ष के बच्चों के लिए चलाया जा रहा है। आगरा मंडल के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों में अभियान चलाकर बच्चों को टीका लगाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्यकर्मी स्कूलों में जाकर बच्चों का टीकाकरण कर रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तर प्रदेश में डिप्थीरिया (गलघोटू) के बढ़ते मामलों को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विशेष टीडी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस वैक्सीनेशन अभियान में पांचवी कक्षा के 10 वर्षीय बच्चों को टीडी-10 और दसवीं कक्षा के 16 वर्षीय बच्चों को टीडी-16 की डोज दी जाएगी। सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों में अभियान चलाकर बच्चों को टीका लगाया जायेगा। यह अभियान 10 मई तक चलेगा। उन्होंने बताया कि डिप्थीरिया (गलघोंटू) एक संक्रामक बीमारी है जो कि बैक्टीरिया के कारण होती है। यह उन बच्चों को होने का खतरा ज्यादा होता है, जिन्हें समय पर पेंटा, डीपीटी, टीडी वैक्सीन नहीं लगी होती। इस बीमारी के लक्षणों में बुखार, गले में दर्द और खांसी शामिल है। गले में सफेद झिल्ली बन जाती है। खाना- पीना मुश्किल हो जाता है। आगरा जनपद में कुल 3676 विद्यालय में विशेष अभियान चलाकर बच्चों का टीडी वैक्सीन लगाई जाएगी। जिसमें पांचवी कक्षा के 70893 बच्चों को टीडी- 10 और दसवीं कक्षा के 49235 बच्चों को टीडी-16 के टीके लगाए जाने लक्ष्य रखा गया है। वहीं मथुरा जनपद के विद्यालयों में कुल 28955 बच्चों की टीडी वैक्सीन की डोज लगाई जाएगी। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा टीकाकरण करने के पश्चात् विनविन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। अभियान की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए टीमें गठित की गई हैं। स्कूलों के प्रबंधन से सक्रिय सहयोग मांगा गया है। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों का टीकाकरण अवश्य कराएं।

## डीसीपी सिटी द्वारा थाना ताजगंज का किया आकस्मिक निरीक्षण



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** रविवार को पुलिस उपायुक्त नगर सोनम कुमार द्वारा थाना ताजगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालयों, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव आदि व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया गया एवं लंबित विवेचनाओं/प्रार्थना पत्रों की समीक्षा करते हुए उनके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## भागवताचार्य पर हमले का एक और आरोपी गिरफ्तार: 9 महीने पहले आश्रम में घुसकर की थी फायरिंग, दो आरोपी अब भी फरार

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** अछनेरा थाना क्षेत्र के गांव कचौरा में भागवताचार्य प्रेमानंद शास्त्री पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिढ़ाकुर चौकी पुलिस ने जितेंद्र उर्फ जीतू को पकड़कर जेल भेज दिया है। घटना पिछले साल की है, जब भागवताचार्य प्रेमानंद शास्त्री गांव से 2 किलोमीटर दूर अपने आश्रम में सो रहे थे। उस दौरान गांव के ही उमाशंकर सिंह, जितेंद्र सिंह उर्फ जीतू, देशराज सिंह और जगदीश ने रंजिश के चलते उन पर हमला किया। आरोपियों ने पहले बिजली के झटके दिए और फिर तमंचे से फायरिंग कर दी। इस मामले में अछनेरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। पहले ही उमाशंकर को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अछनेरा पुलिस द्वारा अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं करने पर भागवताचार्य के पुत्र कृष्णा ने मामला किरावली थाना क्षेत्र की मिढ़ाकुर चौकी में ले गए। विवेचक धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने जितेंद्र को गिरफ्तार किया। अभी भी दो आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

## आंदोलन के लिए चंदे से जोड़ रहे 1-1 रुपया: आगरा ग्वालियर हाईवे पर जलभराव की समस्या के लिए चल रहा आंदोलन

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** आगरा-ग्वालियर हाईवे पर जलभराव की समस्या गंभीर होती जा रही है। नगला मकरोल पर आए दिन हादसे होते रहते हैं। जलभराव की समस्या के समाधान की मांग के लिए कांग्रेस के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन चल रहा है। मगर, इसके लिए बजट की व्यवस्था नहीं है। इसको देखते हुए यहां प्रदर्शनकारियों ने आंदोलन को जारी रखने के लिए चंदा एकत्रित करना शुरू कर दिया है। वे 1-1 रुपया का चंदा ले रहे हैं। इसके लिए कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनाथ सिकरवार गले में बाल्टी लटकाए क्षेत्र में घूम रहे हैं।

**हाईवे पर हो गए हैं गड्ढे :-** दरअसल, आगरा ग्वालियर हाईवे किनारे नाला निर्माण नहीं हुआ है। इसके चलते नगला मकरोल पर हाईवे किनारे जलभराव हो जाता है। इसकी वजह से यहां हाईवे में गहरे गहरे गड्ढे हो गए हैं। ऐसे में आए दिन हादसे होते रहते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनाथ सिकरवार के नेतृत्व में यहां 25 अप्रैल से धरना प्रदर्शन चल रहा है।

**आंदोलन के लिए जुटाया जा रहा चंदा :-** मगर, प्रदर्शनकारियों के पास इतनी रकम नहीं है कि वे अपने खर्च पर इस आंदोलन को जारी रख सकें। इसके लिए चंदा एकत्रित किया जा रहा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनाथ सिकरवार का कहना है कि आंदोलन के लिए टेंट, कुर्सी, खाना या नाश्ता आदि के संसाधन के लिए उनके पास बजट नहीं है। इसलिए वे लोगों से चंदा एकत्रित कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने धरना स्थल पर एक बाल्टी रख दी है। इसे वे कभी कभी अपने गले में टांग कर क्षेत्र में भ्रमण भी करते हैं। जिसकी जितनी श्रद्धा हो, वह उतने पैसे इसमें डाल सकता है। अधिकांश लोगों से वे 1 1 रुपया ही मांग रहे हैं। उनका कहना है। कि जब तक हाईवे किनारे जल निकासी की व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।




## जवान का नागालैंड में निधन: असम राइफल्स में था तैनात, पैतृक गांव में सैन्य सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार





सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** जनपद नागालैंड में तैनात असम राइफल्स के सिपाही राजपाल (42) का शुक्रवार देर शाम निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर रविवार सुबह आगरा के मलपुरा कस्बे स्थित उनके पैतृक गांव पहुंचा। राजपाल 2005 से असम राइफल्स में सेवारत थे। उनके निधन का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। उनके परिवार में पत्नी ममता और दो बेटे सूरज (17) और राहुल (15) हैं।नायब सूबेदार जगदीश चंद्र चार जवानों के साथ पार्थिव शरीर को लेकर गांव पहुंचे। सिपाही के घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी और बच्चों की आंखें नम हो गई।सैनिक के अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। उनके घर से खेत तक शव यात्रा निकाली गई। 29 पैरा के नायब सूबेदार मनोज के नेतृत्व में 12 जवानों ने सैन्य सलामी दी। इस तरह वीर सपूत को उनके गांव वालों और सैन्य साथियों ने अंतिम विदाई दी।

## सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग की मृत्यु की जानकारी पर सदमे में आई बुजुर्ग पत्नी ने भी तोड़ा दम





**आगरा।** सड़क हादसे में घायल पति की मौत की जानकारी होते ही सदमे में आई पत्नी की भी हो गई। शनिवार शाम को दोनों पति पत्नी का अंतिम संस्कार किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गांव नगला दलसहाय निवासी 76 वर्षीय सोबरन सिंह 31 मार्च को शाम करीब सात बजे अपनी बाइक से गांव कराहरा से घर लौट रहे थे।तभी रास्ते में एक बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।हादसे में बुजुर्ग सोबरन सिंह गंभीर रूप सें घायल हो गए उसके सिर में गंम्भीर चोटे आई थीं।मृतक के दो बेटे हैं छोटा पुत्र उमेश हवलदार बड़ा पुत्र मुकेश कुमार ने बताया कि उनके पिताजी सोबरन सिंह 31 मार्च को गांव कराहरा से बाइक से वापस घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में किसी बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपचार के लिए उन्हे आगरा के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। जहा इलाज के दौरान शुक्रवार शाम चार बजे उन्होंने दम तोड़ दिया।और शाम सात बजे बुजुर्ग सोबरन सिंह के शव लेकर घर चले आए। पति की मृत्यु की जानकारी होने पर (75) वर्षीय पत्नी लक्ष्मी देवी सदमे में आकर गिर पड़ीं। इसके बाद बेहोश हो गई।कुछ समय बाद लक्ष्मी देवी ने भी दम तोड़ दिया।

## जैन समाज ने घटना की कड़ी निन्दा कर मृतको दी श्रद्धांजलि

**हाथरस।** भगवान महावीर ने जीओ और जीने दो का संदेश दिया था लेकिन जैन समाज कश्मीर में पहलगाम में हुए 28 पर्यटकों के हुए नरसंहार हत्या की इस घटना से आहत है और भारी आक्रोश है। निर्दोष पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा निर्मम एवं जघन्य तरीके से की गई हत्याओं से पूरा देश आक्रोश में है और निर्दोष पर्यटकों की हत्याओं से जैन समाज में भी भारी आक्रोश एवं शोक है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा बेकसूर पर्यटकों से धर्म पूछ कर किए गए नरसंहार को लेकर शहर के रामलीला ग्राउंड पर श्री जैन नवयुवक सभा अध्यक्ष उमाशंकर जैन की अध्यक्षता में आयोजित शोकसभा एंव श्रद्धांजलि सभा में जैन समाज के सभी लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इस घटना का बदला लेने की मांग की है। जैन समाज के सभी लोगों ने आतंकी हमले में दिवंगत पर्यटकों की दुखद मौत पर शोक व्यक्त करते हुए 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और दिवंगतों की आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवारों को धैर्य धारण कराने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से श्री जैन नवयुवक सभा अध्यक्ष उमाशंकर जैन, विजय जैन लोहिया, सुधीर जैन ज्वैलर्स, संजीव जैन भूरा, गगन जैन, सुधीर जैन लोहिया, कपिल जैन चूरन वाले, सौरभ जैन रानू, अनुज जैन अन्नू, पारस जैन, संतोष जैन, अनिल जैन फोटो, मयंक जैन लोहिया, भाजपा नगर मंत्री धीरज जैन, राम वार्ष्णेय, मुकेश जैन नवल नगर, पुलकित जैन सहित अन्य लोग मौजूद थे।


## कार्यालय जिला पंचायत, आगरा।

पत्राक 354/नितअनु0/जि0प0आ0/2025-206 दिनांक 24-04-25

**निविदा/ई-निविदा सूचना**

(बंद होने की तारीख 09.05.2025, अंतिम तारीख 16.05.2025)

जिला पंचायत, आगरा के समस्त पंजीकृत ठेकेदार, लोक निर्माण विभाग व सिंचाई विभाग में वर्ष 2025-28 में पंजीकृत ठेकेदार फर्म को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, आगरा द्वारा पन्द्रहवा केन्द्रीय वित्त आयोग टाईड फण्ड/अनटाईरा पाण्ड/ पंचग राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत अंकन 10.00 लाख रूपये तक के 156 निर्माण कार्य कराये जाने हेतु सील बन्द साधारण निविदा प्रपत्रों की बिकी दिनांक 08.05.2025 से दिनांक 16.05.2025 तक निर्माण नियमावली 1984 में प्रदत्त अधिकार के अन्तर्गत्त अपरान्ह 12:00 बजे तक की जायेंगी। दिनांक 16.05.2025 को अपरान्ह 02:30 बजे तक सील बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है. जो उक्त दिनांक 16.05.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे से उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष निर्धारित समिति द्वारा कार्यालय जिला पंचायत में खोली जायेंगी एवं अंकन 10.00 लाख रूपये से अधिक धनराशि के 38 निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ई-निविदा प्रपत्र वेबसाईट ई-टेण्डरिंग पोर्टल एचटीटीपीएस-//एटेंडर.उप.निक.इन से बाउनलोड कर दिनांक 09.05.2025 से दिनांक 16.05.2025 के समय 12:00 बजे तक डाले/अपलोड किये जायेंगे। ई-निविदाओं की टैक्निकल बिड उक्त दिनांक 16.05.2025 की अपरान्ह 01:00 बजे से उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष निर्धारित समिति द्वारा कार्यालय जिला पंचायत, आगरा में खोली जायेंगी। रू0 25.00 लाख से अधिक के कार्यों की शासन स्तर से तकनीकी वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति उपरान्त कार्यादेश जारी किये जायेंगे। कुल 194 निर्माण कार्यों का विवरण एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में एवं ups://etender.up.nic.in व www.agra.nic.in से देखी/प्राप्त की जा सकती है।

| देवेन्द्र सिंह | उमेश चन्द | डॉ. मंजू भदौरिया |
|---|---|---|
| अभियन्ता | अपर मुख्य अधिकारी | अध्यक्ष |
| जिला पंचायत, आगरा | जिला पंचायत, आगरा | जिला पंचायत, आगरा |

